Rotary

THE MAGIC OF ROTARY



Rtn. Stephanie A. Urchick
R.I. President 2024-25



Rtn. Paritosh Bajaj MPHF
Dist. Governor 2024-25

# Pride News

## RC Pride Mau

Dist. 3120,
Club No. 223164

Vol 2

Monthly Club Bulletin, August - 2024



Rtn. Jitendra Kumar Rakholiya MPHF
President 2024-25



Rtn. Dr. Ritesh Kumar Agrawal PHF
Secretary 2024-25



Rtn. Ashish Tandon
Bulletin Editor

July : Maternal and Child Health Month














August : Membership and New Club Development Month











**रो. राकेश गर्ग** PHF

DGRH गोरखपुर रीजन

# संदेश

प्रिय रोटेरियन मित्रों!

सप्रेम अभिवादन!

समय के साथ रोटरी का चक्र भी लगातार गतिमान है। रोटरी नव वर्ष का जुलाई माह मंडलाध्यक्ष महोदय की अधिकारिक यात्रा, पदग्रहण समारोह तथा अनेक सामाजिक कार्यों के द्वारा रोटरी की पब्लिक इमेज को बढ़ाते हुये सफलता के साथ बीत गया। अगस्त सदस्यता वृद्धि एवं विस्तार माह है। संसार में सभी रोटरी की सदस्यता पर ध्यान केन्द्रित करते हैं। रोटरी नेताओं और सफल लोगों का संगठन है। रोटरी पदों पर कार्य करना नेतृत्व में कालेज की शिक्षा की तरह है। सदस्यों को नेतृत्व केलिये प्रेरित करना , प्रभवित करना रोटरी में आसानी से सीखा जा सकता है । रोटरी सदस्यों में अहम को वयम में बदलने का सशक्त माध्यम है। कइ वर्षों से रोटरी अंतर्राष्ट्रीय में लगभग 12 लाख सदस्य है। जितने सदस्यों की वृद्धि होती है लगभग उतने ही छोड़ देते हैं। इसलिये हर क्लब के अध्यक्ष एवं सचिव को क्लब की मीटिंग एवं मंडल के कार्यक्रमों में नये सदस्यों की साथ लेकर चलना अनिवार्य होना चाहिये।नये दायित्वों को देकर रोटरी के प्रति उनको जोड़ कर एक रखा जासकता है आइये रोटरी सदस्यता वृद्धि माह में नये “उर्जावान एवं संकल्पित नागरिकों को जोड़ कर” सेवा स्वयं की भावना से उपरप्रेरित करते हुये रोटरी के उद्देश्यों को प्राप्त करने का संकल्प करते हैं।

---

प्रिय आशीष जी,

रोटरी क्लब प्राइड मऊ द्वारा प्रकाशित न्यूज़ बुलेटिन के द्वितीय संस्करण प्रकाशित होने पर आपको बहुत-बहुत बधाई। आपके एवं अध्यक्ष जितेंद्र राखोलिया जी के प्रयास से हमारा क्लब पहली बार मासिक न्यूज़ बुलेटिन का प्रकाशन कर रहा है, यह बड़े हर्ष की बात है। यह न्यूज़ बुलेटिन मंडल 3120 में हमारे क्लब को एक नई छवि प्रदान करेगा। अपने स्थापना के 4 वर्ष में ही रोटरी क्लब प्राइड मऊ ने मंडल 3120 में एक अलग स्थान बनाया है जिसका श्रेय क्लब के सभी पूर्व अध्यक्षों एवं सदस्यों को जाता है और हमें इस पर गर्व होना चाहिए।हमारे ऊर्जावान मंडलाध्यक्ष रो परितोष बजाज जी के मार्गदर्शन से और जितेंद्र राखोलिया के नेतृत्व से हम अपने क्लब को और ऊंचाई तक ले जाएंगे।
पुनः आपको एक सुंदर न्यूज़ बुलेटिन प्रकाशित करने के लिए बहुत-बहुत बधाई।



**रो. कृष्णा खंडेलवाल**

सह मंडलाध्यक्ष जोन 20

---



**रो. आशीष टण्डन**

संपादक

प्रिय साथियों,

रोटरी अभिवादन!

लगातार अथक प्रयास करता हुआ अपना क्लब नित्य नए कीर्तिमान को स्थापित करता हुआ आगे बढ़ रहा है, चाहे वो शिशु आहार कक्ष का निर्माण हो, छाता वितरण, वाटर कूलर की स्थापना हो या बच्चो को बड़े स्टील बॉक्स, tshirt, shoes इत्यादि का वितरण हर प्रोजेक्ट में एक नई सोच झलकती है।लगातार दूसरी बार डिस्ट्रिक्ट सुपर स्टार की लिस्ट में शामिल होना भी अपने क्लब के लिए गर्व के बात है।रो जितेंद्र कुमार राखोलिया और उनकी पूरी टीम अपना शत प्रतिशत देती हुई प्रत्येक कार्य को अपनी उच्चतम ऊर्जा से सुसज्जित करती हुई, आगे बढ़ रही है। 21 जुलाई एवं अगस्त माह के कार्यों के संक्षिप्त विवरण के साथ आपके समक्ष प्राइड न्यूज का दूसरा अंक प्रस्तुत है, आशा है आपको पसंद आयेगा, इस पत्रिका को और बेहतर बनने के लिए आपके सबके सुझाव सदैव आमंत्रित है।

शेष शुभ! जय हिंद जय रोटरी!

21 जुलाई

Rotary | THE MAGIC OF ROTARY

## वाटरकूलर की स्थापना :

कल्प वाटिका ( Rose Garden) में मंडलाध्यक्ष महोदय के हाथों आरओ युक्त वाटर कूलर की स्थापना हुई। पार्क में लगभग 500 लोग प्रतिदिन आते है, इसके माध्यम से उन्हें ठंडा आरओ युक्त पानी पीने को मिलेगा। संयोजक : रो० सौरभ मद्धेशिया





## बेंच लोकार्पण :

21 जुलाई

कल्प वाटिका (rose garden)में गवर्नर महोदय के हाथों 5 नई बेंच का लोकार्पण एवं अपने क्लब द्वारा पिछले वर्ष लगाए गए बेंचो की मरमत व पेंट कराया गया।
संयोजक : रो०  विशाल शर्मा





## पौधारोपण :

21 जुलाई

गवर्नर रो० परितोष बजाज की मौजूदगी में एक पौधा अपनी मां के नाम की भावना के साथ प्रत्येक सदस्य द्वारा  एक फलदार पौधे लगाया गया, और पर्यावरण की सुरक्षा हेतू 40 पौधो का रोपण हुआ।  संयोजक : रो० विशाल शर्मा






## नवजात शिशु बर्थ किट का वितरण:

21 जुलाई

जिला महिला अस्पताल में 35 नवजात शिशु बर्थ किट (New born baby birth kit ) का विरतण अपने गवर्नर महोदय के हाथों हुआ।
संयोजक : रो० शिव अग्रवाल।




21 जुलाई

## शिशु आहार कक्ष का निर्माण :

रोडवेज बस स्टैंड पर शिशु आहार कक्ष( baby feeding cabin) का निर्माण हुआ, जिससे माताओं को उचित स्थान पर अपने बच्चो को दूध पिलाने में सुविधा होगी। इस कक्ष का उद्धघाटन मंडलाध्यक्ष के हाथों हुआ। संयोजक : रो० अनूप खण्डेलवाल





## सिलाई मशीन का वितरण :

21 जुलाई

पदग्रहण समारोह स्थल पर अपने मंडलाध्यक्ष के हाथों एक अत्यंत जरूरतमंद महिला को  सिलाई मशीन प्रदान की गई।
संयोजक : रो० गिरिराज शरण अग्रवाल




## प्राइड न्यूज पत्रिका का अनावरण:

21 जुलाई

माननीय गवर्नर महोदय के हाथों प्राइड न्यूज पत्रिका का अनावरण हुआ, इस पत्रिका का संपादन रो० आशीष टंडन के द्वारा हुआ।





## पदग्रहण समारोह :

21 जुलाई

आज क्लब का चौथा पदग्रहण समारोह संपन्न हुआ जिसमें प्रेसिडेंट जितेंद्र कुमार राखोलिया एवं सचिव रितेश कुमार अग्रवाल सहित 25 बोर्ड ऑफ डायरेक्टरो ने अपना पदभार संभाला। संयोजक : रो० आलोक खंडेलवाल





**2 अगस्त**

## फेलोशिप मीटिंग एवं नव सदस्य का आगमन:



आज एक नए सदस्य रो० राहुल अग्रवाल का क्लब में स्वागत हुआ एवं पिन पहनाकर उन्हें सदस्यता प्रदान की गई।
प्रस्तावक: रो०आशीष अग्रवाल

## स्वतंत्रता दिवस समारोह : **15 अगस्त**

देश 78 वा स्वतंत्रता दिवस समारोह रोटरी क्लब प्राइड मऊ द्वारा बड़े ही धूमधाम तरीके से अपने गोद लिए विद्यालय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय मोहम्दाबाद गोहना में मनाया गया। संयोजक : रो० मुमताज अहमद







## 6 स्टील बॉक्स का वितरण : **15 अगस्त**



कुछ सदस्यों के सहयोग से अपने गोद लिए विद्यालय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में 6 बड़े स्टील बॉक्स (6X3) प्रदान किए गए एवं बच्चों को फल, बिस्कुट, पेन इत्यादि वितरित किए गया।
संयोजक : रो० मुमताज अहमद

## छाता वितरण : **18 अगस्त**

सभी प्रमुख चौराहा पर जाकर तेज धूप एवं बारिश में ड्यूटी कर रहे पुलिस कांस्टेबल को छाता प्रदान किया गया जिससे करीब 50 पुलिस कर्मी लाभान्वित हुए। संयोजक : रो० बृजेश उमर







## रक्षाबंधन समारोह : 19 अगस्त

प्राइड सदस्यों ने अपने गोद लिए विद्यालय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में छात्राओं से एवं वहां ड्यूटी कर रही महिला पुलिस कर्मियों से राखी बंधवाकर रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। संयोजक : रो० मुमताज अहमद.







## दो नए सदस्यों का आगमन : 22 अगस्त

आज दो नए सदस्यों रो० डॉ० आनंद जयसवाल एवं रो० पंकज खंडेलवाल को सीनियर मेंबर रो० डा० जी. एस. अग्रवाल द्वारा पिन पहना कर उने सदस्यता प्रदान की गई।
प्रस्तावक क्रमशः रो० रितेश अग्रवाल एवं रो० अनूप खंडेलवाल




## चैतन्य कुल टी शर्ट वितरण : 25 अगस्त

चैतन्य कुल NGO के बच्चों को 10 t shirt, जूते और मोजे का वितरण किया गया। संयोजक : रो० कृष्ण कुमार खंडेलवाल






## डिस्ट्रिक सुपर स्टार: July Month

लगातार दूसरी बार रोटरी क्लब प्राइड का सदस्य डिस्ट्रिक्ट सुपर स्टार लिस्ट में शामिल हुआ, अपने क्लब से जुलाई मंथ के डिस्ट्रिक सुपर है
AG of Zone 20 रो० कृष्ण कुमार खंडेलवाल

THE MAGIC OF ROTARY



THE MAGIC OF ROTARY

**Rtn. Krishna Khandelwal** PHF
ASSIST. GOVERNOR Zone 20


INDIA'S BIGGEST AIR COOLER Manufacturing Company
RAJ®
REFRESHING AIR JOURNEY
जैसे मै हुं WRESTLING का महारथी,
वैसे RAJ COOLER है COOLING का महारथी |
18 YEARS EXPERIENCE
नाम तो सुना ही होगा
Product Portfolio
Industrial Products
Tent Products
Domestic Products
Fan Series
TENTO FIGHTER
MILITARY COOL
WEATHER FIGHTER
RAJ ICECOOL
info@rajcooling.com
+91 96963 96964 | +91 91 5768 5768
www.rajcooling.com